अनुक्रमांक : ......................................

कूट सं. : 8-20-21 H(L)–A

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

# कक्षा–आठवीं

# हिंदी (तृतीय भाषा)

## वार्षिक परीक्षा (Feb.-Mar. 2021)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
2. सभी खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

### खंड–क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए 10

आजकल महँगाई के दौर में व्यक्ति सीमित आय में महँगी–महँगी पुस्तकें नहीं खरीद सकता। ऐसी स्थिति में पुस्तकालय आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध होते हैं। वे पुस्तकालय से पुस्तकें लेकर अध्ययन करते हैं, इसी कारण विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में पुस्तकालयों का प्रबंध अवश्य किया जाता है। आज शिक्षा के प्रचार–प्रसार के कारण इनका महत्त्व बढ़ गया है। पुस्तकालयों में इतिहास, भूगोल, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, साहित्य, अर्थशास्त्र, धर्म, राजनीति आदि तथा प्रसिद्ध लेखकों और कवियों द्वारा लिखित पुस्तकें भी आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। पुस्तकें हमारे विचारों तथा

चिंतन को सुदृढ़ बनाती हैं। हमारे चरित्र का विकास करती हैं तथा हमारे अंदर आत्मविश्वास की भावना उत्पन्न करती हैं। अतः पुस्तकें हमारी परम मित्र हैं।

पुस्तकालय हमारे लिए तभी लाभकारी हो सकते हैं जब हम वहाँ के नियमों का पालन करें। यह हमारा कर्तव्य है कि हम वहाँ शांति बनाए रखें तथा पुस्तकों को बिना क्षति पहुँचाए समय पर वापस कर दें, ताकि अन्य लोगों को भी पुस्तकें उपलब्ध हो सकें।

(i) हमारे जीवन में पुस्तकालय का क्या महत्त्व है? 2

(ii) इस गद्यांश के आधार पर पुस्तकालय की क्या परिभाषा हो सकती है? 2

(iii) पुस्तकों की क्या उपयोगिता है? 2

(iv) पुस्तकालय के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य होना चाहिए? 2

(v) (क) गद्यांश में प्रयुक्त कोई दो संज्ञा शब्द लिखिए। 1

(ख) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खंड-'ख'

2. (क) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार (ं) का प्रयोग कीजिए– ½

स्वतत्रता

(ख) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक (ँ) का प्रयोग कीजिए– ½

आकृतिया

(ग) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए– ½+½=1

(i) जरूर

(ii) सफेद

3. (क) निम्नलिखित शब्दों में से व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए– 1

(i) पंडित

(ii) मीठा

(iii) शहर

(iv) सरदार पटेल

(ख) निम्नलिखित वाक्य को उचित सर्वनाम शब्द द्वारा पूरा कीजिए– 1

............................ अपने आप चला जाएगा।

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–

(i) ताली ½

(ii) चादर ½

(ख) निम्नलिखित वाक्य को उचित क्रिया शब्द से पूरा कीजिए– 1

रमा गीत ............................ है।

(ग) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त काल का नाम लिखिए– 2

(i) बिल्ली सारा दूध पी गई।

(ii) हरित पौधे के सामने गिटार बजाएगा।

5. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– 2

(i) सागर

(ii) फूल

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– 2

(i) नम

(ii) आगे

(ग) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए– 1

जिसका मूल्य अधिक हो –

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों को उचित कारक चिह्न द्‌वारा पूरा कीजिए–

(i) सूरज ................. बीजों ................. उठाया। ½+½=1

(ii) बच्चे झूले ................. चढ़ गए। 1

(ख) निम्नलिखित शब्दों को शुद्‌ध करके लिखिए–

(i) पाथना ½

(ii) उनहोने ½

(ख) निम्नलिखित शब्दों के मानक रूप लिखिए–

(i) वृद्ध ½

(ii) मिट्टी ½

7. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाइए– 2

(क) (i) राजा बुद्धिमान साहसी और वीर था

(ii) खड्ग सिंह ने कहा, मैं बिल्कुल ठीक हूँ

(ख) निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए– 1

आँखें फटी रह जाना

## खंड-'ग'

8. पठित पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 1×2=2

(i) नींद में भी हरित ............................ पाने का सपना देखता रहा।

(ii) धरती पटक सिंह अपनी शक्ति बनाए रखने के लिए घंटों ............................ करता।

9. पठित पाठों के आधार पर वाक्यों का मिलान कीजिए– 1×3=3

| (क) | (ख) |
| --- | --- |
| (i) युद्ध सैनिक बल से नहीं | लंबी चादर तानेंगे। |
| (ii) सुख-दुख के किस्से बतियाकर | मेरी सल्तनत का सबसे सयाना आदमी है। |
| (iii) होजा तो | बुद्धि बल से जीते जाते हैं। |

10. किसने कहा, किससे कहा, लिखिए– 1×2=2

(i) ‘‘फल भी रास्ते में सूख गए।

(ii) ‘‘उसकी चाल तुम्हारा मन मोह लेगी।’’

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए–(कोई तीन) 1×3=3

(i) होजा किस काम में मशगूल रहता था? 1

(ii) सागर में मिल जाने पर नदी क्या बन जाती है? 1

(iii) हरित के पौधे ने कैसी क्रिया की? 1

(iv) बेट्टिना कितने मीटर उछली? 1

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (20-25 शब्दों में) लिखिए– (कोई पाँच) 2×5=10

(i) शाम होने पर पक्षी क्या करते हैं? 2

(ii) अजंता की गुफाएँ किसने और क्यों बनवाईं? 2

(iii) गोवर्धन दास को भिक्षा में कितने पैसे मिले? उसने उन पैसों से क्या किया? 2

(iv) सुइयों के बारे में वृद्ध ने क्या बताया? 2

(v) अपाहिज ने बाबा भारती से क्या विनती की? 2

(vi) नन्हीं चींटी से मनुष्य क्या सीख सकता है? 2

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25–30 शब्दों में) लिखिए– (कोई दो) 3×2=6

(i) सरदार पटेल ने अहमदाबाद की सभा में क्या कहा?

(ii) पेड़ बच्चों और गाय की किस प्रकार मदद करते हैं?

(iii) बेट्टिना की सोचने की दिशा किसने और कैसे बदल दी?

14. सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है? पाठ 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती' के आधार पर लिखिए। (उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए)। 4

**अथवा**

नदी हमारे लिए क्या-क्या करती है? नदियों की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए आपका क्या योगदान है?

## खंड-'घ'

15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (80–100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए– 5

(i) जीवन में योग का महत्त्व

(ii) मेरी दिनचर्या

(iii) समुद्र तट का दृश्य

16. चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

फ़ीस माफ़ कराने के लिए प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

17. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को (80–100 शब्दों में) लिखिए– 5



**अथवा**

**केवल दृष्टि बाधित छात्रों के लिए**

आपके मोहल्ले के बच्चों ने सफ़ाई अभियान चलाकर पूरे मोहल्ले को साफ–सुथरा बना दिया। इस घटना पर डायरी लिखिए।

18. दो मित्रों के बीच 'कोरोनावायरस' को लेकर होने वाली बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। (संवाद दस से बारह पंक्तियों में होना चाहिए)। 5

❐❐❐